# प्रैक्टिस सेट-9

1. 'पर्ण' का तद्‌भव शब्द है-
   (a) पत्र (b) पण (c) पन्ना (d) पत्रा
2. 'अंगीठी' का तत्सम है-
   (a) अग्निका (b) अनिष्ठिका
   (c) अग्निष्ठिका (d) अग्निष्ठिकी
3. कवि बिहारी मुख्यत: किस रस के कवि हैं?
   (a) करुण (b) वीर
   (c) भक्ति (d) शृंगार
4. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
   (a) रमेश की आँख से आँसू बह रहे थे।
   (b) गुरुजी, आप मेरी कुटिया में पधारे, मैं कृत्कृत्य हुआ।
   (c) सारा राज्य उसके लिए एक थाती थी।
   (d) पेड़ पर एक चिड़िया बैठी है, जिसके सतरंगे पंख हैं।

**निर्देश ( प्र. सं. 5-8 ):** *निम्नलिखित प्रश्नों के लिए, छ: अव्यवस्थित वाक्य-खण्ड दिए गए हैं, जिनका क्रमांक A, B, C, D, E और F हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं हैं कि क्रम में हों, इन्हें सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए और इस व्यवस्था के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

(A) यदि उस देश की सरकार नागरिक बना लेती है तो ऐसा नागरिक राज्यकृत नागरिक कहलायेगा।
(B) यदि कोई व्यक्ति किसी दूसरे देश में जा बसे और वहाँ की नागरिकता प्राप्त करना चाहे तो वह ऐसा कर सकता है।
(C) भारता के अनेक लोग दक्षिण अफ्रीका तथा श्रीलंका भी गए हुए हैं।
(D) इसके लिए उसे अपने देश की नागरिकता का त्याग करना पड़ेगा तथा उस देश की सरकार से प्रार्थना करनी पड़ेगी कि उसे नागरिक बना लिया जाए।
(E) कई पीढ़ियाँ बीतने के बाद भी वहाँ की सरकारें उन्हें अपने देश का नागरिक नहीं बना रही हैं।
(F) जैसे बहुत से भारतीय कनाडा गए हुए हैं और वहाँ प्रार्थना-पत्र देकर कनाडा के राज्यकृत नागरिक बन गए हैं।

5. निम्नलिखित में से क्रम व्यवस्था का तीसरा वाक्य कौन सा है?
   (a) A (b) C (c) F (d) E
6. निम्नलिखित में से क्रम व्यवस्था का दूसरा वाक्य कौन सा है?
   (a) B (b) D (c) A (d) C
7. निम्नलिखित में से क्रम व्यवस्था का चौथा वाक्य कौन सा है?
   (a) A (b) E (c) F (d) C
8. निम्नलिखित में से क्रम व्यवस्था का पांचवा वाक्य कौन सा है?
   (a) B (b) F (c) E (d) C
9. किस शब्द में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग नहीं किया जा सकता?
   (a) प्रकृति (b) ज्ञान (c) वास्तव (d) बुद्धि
10. "जब बच्चे को प्रकृति से दूर रखा जाता है....।" वाक्य के रेखांकित अंश में कौन-सा कारक है?
   (a) कर्ता कारक (b) सम्प्रदान कारक
   (c) कर्म कारक (d) अपादान कारक
11. निम्न में पुल्लिंग बताइए।
   (a) गेहूँ (b) सरसों
   (c) सारस (d) मूँग
12. समरूपी शब्द 'ऋतु-ऋतु' का सही अर्थ स्पष्ट करें।
   (a) वर्षा-मौसम (b) सत्य-मौसम
   (c) रात्रि-मौसम (d) दिन-मौसम
13. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है
   (a) मेरे घर में केवल मात्र एक चारपाई है।
   (b) मेरे घर में केवल एक चारपाई है।
   (c) मेरे घर में मात्र केवल एक चरपाई है।
   (d) मेरे घर में चारपाई केवल एक है।
14. "सम्मुख" का विलोम शब्द है-
   (a) उन्मुख (b) विमुख
   (c) अधिमुख (d) प्रमुख
15. जो पहले कभी न हुआ हो-
   (a) अद्भुत (b) अभूतपूर्व
   (c) अपूर्व (d) अनुपम
16. उसने कहा कि मैं घर जाऊँगा
   (a) सरल वाक्य (b) मिश्र वाक्य
   (c) संयुक्त वाक्य (d) प्रश्नवाचक वाक्य
17. 'चार वेदों को जानने वाला' के लिए उपयुक्त शब्द है
   (a) चतुर्वेदी (b) चतुर्दशी
   (c) चतुमुखी (d) द्विवेदी
18. समरूपी शब्द 'अवधि-अवधि' का सही अर्थ है
   (a) समय-अवध की भाषा (b) समय-चाल
   (c) अवध की भाषा-समय (d) समय-विराम

DISHA TM Publication Inc

19. 'तुम्हारे आने से मेरा मन गद्-गद् हो गया' वाक्य का शुद्ध रूप है
   (a) तुम्हारे आने से मेरा मन गद्-गद् हुआ।
   (b) तुम्हारे आने से मैं गद्-गद् हो गया।
   (c) तुम्हारे आने से मैं मन से गद्-गद् हो गया।
   (d) तुम्हारे आने पर मैं मन से गद्-गद् हो गया।
20. 'नमक का दारोगा' प्रसिद्ध कहानी के कहानीकार हैं-
   (a) जयशंकर प्रसाद (b) मुंशी प्रेमचन्द्र
   (c) रामचन्द्र शुक्ल (d) यशपाल
21. मनुष्य की बढ़ोतरी के लिए ईमानदार कोशिश की है। वाक्य में रेखांकित किए गए विशेषण का उपभेद बताइए।
   (a) गुण बोधक (b) अवस्था बोधक
   (c) स्थिति बोधक (d) दशा बोधक
22. 'परिपक्व' की भाववाचक संज्ञा है
   (a) परिपूर्णता (b) परिपक्वता
   (c) परिपूर्ण (d) परिपक्वन
23. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'सान्निध्य' का समानार्थक है?
   (a) समीपता (b) समर्पण
   (c) सन्निपात (d) सर्वाधिक
24. निम्नलिखित में से कौन.सा 'देशज' शब्द है?
   (a) नीति (b) खंगाल
   (c) ज़रूरत (d) सम्भवत:
25. 'जो धन को व्यर्थ ही खर्च करता हो', के लिए एक शब्द है?
   (a) कृतज्ञ (b) अपव्ययी
   (c) अल्पव्ययी (d) अल्पज्ञ
26. 'दिन-दीन' का सही अर्थ भेद है -
   (a) दिवस-निर्धन (b) निर्धन-दिवस
   (c) दिवस-स्वयं (d) हाथी-दान
27. 'अवयव-अव्यय' का सही अर्थ है
   (a) रंग-बिरंग (b) अंग-अविकारी शब्द
   (c) शब्द-अनर्थ (d) शब्द-अविकारी शब्द
28. "रमेश शेर से डरकर भागा" इस वाक्य में कौन सा कारक है?
   (a) करण (b) सम्प्रदान
   (c) अपादान (d) अधिकरण
29. 'वह लड़की बहुत सुन्दर है।' इस वाक्य में 'वह' शब्द है
   (a) सार्वनामिक विशेषण (b) परिणामवाचक विशेषण
   (c) संकटवाचक विशेषण (d) व्यक्तिवाचक विशेषण
30. 'जीवनदायिनी' का विलोम है
   (a) अजीवनदायिनी (b) प्राणघातिनी
   (c) प्राणांतक वाहिनी (d) जीवप्रदायिनी
31. 'औद्योगिक' शब्द का मूल शब्द है
   (a) औद्योग (b) उदयोग
   (c) उद्योग (d) योगिक
32. जिसका कोई अन्त न हो उसे कहते हैं
   (a) अनंत (b) आनंद
   (c) अखंड (d) असीम
33. 'ग्रहीता' शब्द का विलोम है-
   (a) ग्रहण (b) दाता
   (c) छीनना (d) भूचर
34. 'सार' का अनेकार्थक शब्द नहीं है-
   (a) तत्व (b) निष्कर्ष
   (c) लाभ (d) हानि
35. जिसके सिर पर चन्द्रमा हो-
   (a) चन्द्रधारण (b) चन्द्रमोहन
   (c) चन्द्रशेखर (d) चन्द्रकान्ता
36. 'दिन रात एक करना' का अर्थ है-
   (a) कठिन परिश्रम करना (b) बहुत सोना
   (c) जगे रहना (d) चिन्ता होना
37. भरतमुनि के अनुसार रसों की संख्या है-
   (a) 10 (b) 11 (c) 9 (d) 8

**निर्देश (1-6):** *नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

एक समय एक पश्चिमी वास्तुशिल्पी, जो समाज पर प्रौद्योगिकी के प्रभावों का अध्ययन करते थे, भारत आये। विद्वान् की विचारधारा यह थी कि भवन-निर्माण में स्थानीय उपलब्ध साधनों का अधिक-से-अधिक तथा दूर से या विदेश से प्राप्त होने वाले साधनों का कम-से-कम उपयोग होना चाहिए। इससे समाज में गतिशीलता आएगी। उत्पादन में पूरे समाज की भी प्रतिभा का उपयोग होगा और रोजगार में स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक हिस्सा मिलेगाद्य हमारे पश्चिम प्रभावित वास्तुशिल्पी इस वास्तुशिल्पी से काफी हैरान हुए कि वह आधुनिक होकर भी ऐसी बातें करता है। उनमें से कुछ तो संशक हुए हो न हो कि इसमें हमें पिछड़ा बनाए रखने की कोई चाल है।

अतिथि ने पाया कि वह अजनबियों के बीच में घिर गया है, जबकि भारत जैसे ग्राम्य प्रधान समाज में उसके विचारों को सही ढंग से समझने लायक दिमाग होने चाहिए थे, परन्तु वास्तविकता यह थी कि दोनों के मन में आधुनिक की अवधारणा को लेकर अंतर थाद्य एक मानता था कि प्रौद्योगिकी का आविष्कार जिस समाज में होता है, वहां की न्याय एवं समता की आवश्यकता उस अविष्कार में प्रतिबिंबित होती है, वह प्रोद्योगिकी मनुष्य को कितना स्वतंत्र छोड़ती हैं, वह उन सामाजिक मान्यताओं पर निर्भर है जिनसे हम प्रौद्योगिकी का आविष्कार एवं चुनाव करते हैं। हामारे लोग यह मानते थे कि जो पश्चिम में हो चुका है, उसकी नकल ही आधुनिकता है। जहां तक स्थानीय साधनों से भवन-निर्माण का जो है, वे या तो गन्दी बस्तियों की कल्पना कर पाते थे, जहां शहरों में उच्छिष्ट लोहा-लंगड़ और गांव में बचे-खुचे खरपतवार

DISHA Publication Inc

को मिलाकर झोपड़ियां बनती हैं या फिर उन आलिशान महलों की जहां हस्तशिल्प के सुन्दर नमूनों को उनकी स्वाधीन आवश्यकता और उपयोग और शिल्पी के रोजगार से ही सन्दर्भ हीन करके सजाया जाता है।

38. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन आधुनिकता की अवधारणा को लेकर अंतर में प्रयुक्त अंतर की भारतीय धारणा को स्पष्ट करता है?
    - (a) आधुनिक साजो-सामान से देश की उन्नति संभव है
    - (b) पश्चिम की नकल ही आधुनिकता है
    - (c) स्थानीय साधनों का प्रयोग पिछड़ापन है
    - (d) प्रोद्योगिकी के आविष्कार में सामाजिक न्याय एवं समता की आवश्यकता झलकती हैद्य
39. गद्यांश के अनुसार पश्चिमी वास्तुशिल्पी भवन-निर्माण में आधुनिक साधनों के उपयोग पर देने क्या लाभ बताता है?
    - (a) नवीन समाज का निर्माण
    - (b) भारतीय वास्तुकला का निखार
    - (c) विदेशी मुद्रा की बचत
    - (d) उपलब्ध प्रतिभा का उपयोग
40. गद्यांश के अनुसार 'समाज में गतिशीलता आएगी' से क्या तात्पर्य है?
    - (a) समाज में शीघ्र परिवर्तन होंगे
    - (b) समाज का शीघ्र विकास होगा
    - (c) समाज में विदेशी साधनों का उपयोग होगा
    - (d) समाज की प्रतिभा का अधिक से अधिक एवं उसकी हिस्सेदारी होगी।
41. गद्यांश के आधार पर कौन-सा कथन सत्य है?
    - (a) स्थानीय साधनों के उपयोग से समाज में अधिक गतिशीलता आयेगी।
    - (b) विदेशी सामान के इस्तमाल पर अधिक बल दिया है।
    - (c) स्थनीय साधनों के प्रयोग से विकास की गति रूक जाएगी।
    - (d) पश्चिम की नकल से देश की उन्नति संभव है।
42. गद्यांश के अनुसार भारतीय लोग किन बातों को आधुनिकता मानते हैं?
    - (a) स्वदेश निर्मित सामन के प्रयोग को
    - (b) पश्चिम की अंधाधुंध नकल को
    - (c) महंगे सामन के प्रयोग को
    - (d) स्थानीय साधनों के प्रयोग को
43. इस गद्यांश के माध्यम से लेखक पश्चिमी शिल्पी की किस अवधारणा को प्रचारित करना चाहता है?
    - (a) वास्तुशिल्पी में महंगे से महंगा साधन प्रयुक्त करना चाहिए।
    - (b) स्थानीय उपलब्ध साधनों का भवन-निर्माण में अधिकाधिक उपयोग करना चाहिए।
    - (c) पश्चिमी देशों की प्रगति का अंधानुकरण करना चाहिए।
    - (d) पाश्चात्य देश भारत को पिछड़ा बनाए रखना चाहते हैं।

---

**निर्देश : (44-50)** *नीचे दिया गया प्रत्येक वाक्य चार भागों में बांटा गया है जिन्हें (a), (b), (c), (d) विकल्प दिए गए हैं। आपको यह देखना है कि वाक्य के किसी भाग में व्याकरण, भाषा, वर्तनी, शब्दों के गलत प्रयोग या इसी तरह की कोई त्रुटी तो नहीं है। त्रुटी अगर होगी तो वाक्य के किसी एक भाग में ही होगी। उस भाग का क्रमांक ही उत्तर है। यदि वाक्य त्रुटिरहित' है तो उत्तर (e) अर्थात 'त्रुटिरहित' दीजिए।*

---

44. अपनी माँ के (A)/ डाँटने पर भी (B)/ वह इतनी रोती है (C) कि हम सब तंग हो जाते हैं।(D)/ त्रुटिरहित (E)
    (a) A (b) B (c) C (d) D
    (e) E
45. अगर अनुराधा को (A)/ मुझसे बात नहीं करना था (B)/ तो वह मेरे यहाँ (C)/ आई ही क्यों? (D)/ त्रुटिरहित (E)
    (a) A (b) B (c) C (d) D
    (e) E
46. पेरिस समझौते को (A)/ विश्व बिरादरी का एक (B)/ ऐतिहासिक पहल के तौर पर(C)/ प्रचारित किया गया था। (D)/ त्रुटिरहित (E)
    (a) A (b) B (c) C (d) D
    (e) E
47. स्कूलों में संसाधनों की कमी, शिक्षा (A)/ के प्रति माता-पिता ने उदासीनता (B)/ पाठ्यक्रम के स्तर आदि के बारे में (C)/ सोच-सोच कर बड़ी निराशा होती है। (D) त्रुटिरहित (E)
    (a) A (b) B (c) C (d) D
    (e) E
48. भूकंप के जबदरस्त झटके(A)/ लगने से जान-माल का नुकसान (B)/ तो हुआ ही, बच्चों के मन से (C)/ हमेशा के लिए डर बैठ गया। (D) त्रुटिरहित (E)
    (a) A (b) B (c) C (d) D
    (e) E
49. हमारे समाज से भ्रष्टाचार का सफाया (A)/ तभी हो सकता है जब प्रत्येक (B)/ यह ठान ले कि किसी भी व्यक्ति को (C)/ न घुस ही देनी है न तो लेनी है। (D) त्रुटिरहित (E)
    (a) A (b) B (c) C (d) D
    (e) E
50. यह तय है कि साधारणतम नागरिक (A)/ अपने अधिकारों और कर्तव्यों के (B)/ प्रति जितना जागरूक होगा, समाज (C)/ में परिवर्तन उतनी ही तेजी से आएगा। (D) त्रुटिरहित (E)
    (a) A (b) B (c) C (d) D
    (e) E

DISHA™ Publication Inc

## RESPONSE SHEET

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ⓐⓑⓒⓓ | 2. | ⓐⓑⓒⓓ | 3. | ⓐⓑⓒⓓ | 4. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 5. | ⓐⓑⓒⓓ | 6. | ⓐⓑⓒⓓ | 7. | ⓐⓑⓒⓓ | 8. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 9. | ⓐⓑⓒⓓ | 10. | ⓐⓑⓒⓓ | 11. | ⓐⓑⓒⓓ | 12. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 13. | ⓐⓑⓒⓓ | 14. | ⓐⓑⓒⓓ | 15. | ⓐⓑⓒⓓ | 16. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 17. | ⓐⓑⓒⓓ | 18. | ⓐⓑⓒⓓ | 19. | ⓐⓑⓒⓓ | 20. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 21. | ⓐⓑⓒⓓ | 22. | ⓐⓑⓒⓓ | 23. | ⓐⓑⓒⓓ | 24. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 25. | ⓐⓑⓒⓓ | 26. | ⓐⓑⓒⓓ | 27. | ⓐⓑⓒⓓ | 28. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 29. | ⓐⓑⓒⓓ | 30. | ⓐⓑⓒⓓ | 31. | ⓐⓑⓒⓓ | 32. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 33. | ⓐⓑⓒⓓ | 34. | ⓐⓑⓒⓓ | 35. | ⓐⓑⓒⓓ | 36. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 37. | ⓐⓑⓒⓓ | 38. | ⓐⓑⓒⓓ | 39. | ⓐⓑⓒⓓ | 40. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 41. | ⓐⓑⓒⓓ | 42. | ⓐⓑⓒⓓ | 43. | ⓐⓑⓒⓓ | 44. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 45. | ⓐⓑⓒⓓ | 46. | ⓐⓑⓒⓓ | 47. | ⓐⓑⓒⓓ | 48. | ⓐⓑⓒⓓ |
| 49. | ⓐⓑⓒⓓ | 50. | ⓐⓑⓒⓓ | | | | |

DISHA™ Publication Inc

# संकेत एवं हल

1. (a) 2. (c) 3. (d) 4. (c)

**(5-8)**

वाक्य-खण्डों का सही क्रम B D A F C E है।

5. (a) 6. (b) 7. (c) 8. (d)

9. (b) प्रकृति + इक = प्राकृतिक
वास्तव + इक = वास्तविक
बुदधि + इक = बौद्धिक / बौद्धिक
इन तीनों शब्दों में 'इक' प्रत्यय लगाकर प्राकृतिक, वास्तविक तथ बौद्धिक शब्द बने हैं। 'ज्ञान शब्द में इक प्रत्यय लगाकर नया शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

10. (c) जब बच्चे को प्रकृति से दूर रखा जाता है.......।
'को' चिह्न कर्म का होता हैं इस वाक्य में बच्चा 'कर्म' है अत कर्म कारक होगा।

11. (c) 12. (b) 13. (b) 14. (b) 15. (b)

16. (b) 17. (a) 18. (a) 19. (b) 20. (b)

21. (a) ईमानदार कोशिश . यहाँ पर 'ईमानदार शब्द' कोशिश का गुण व्यक्त कर रहा है। अत गुण बोधक विशेषण होगा।

22. (b) परिपक्व की भाव वाचक संज्ञा है – परिपक्वता।

23. (a) सान्निध्य का समानार्थक शब्द है – समीपता

24. (b) खंगाल – देशज शब्द है।

25. (b) 26. (a) 27. (b) 28. (c) 29. (a)

30. (b) जीवनदायिनी का विलोम शब्द – प्राणघातिनी

31. (c) 'औद्योगिक' शब्द का मूल शब्द है – उद्योग

32. (a) अनंत – जिसका कोई अंत न हो।

33. (b) 34. (d) 35. (c) 36. (a) 37. (d)

38. (c) 39. (d) 40. (d) 41. (a) 42. (b)

43. (b)

44. (c) यहाँ 'वह इतनी रोती है' के स्थान पर 'वह इतना रोती है' का प्रयोग उचित है।

45. (b) यहाँ 'मुझसे बात नहीं करना था' के स्थान पर 'मुझसे बात नहीं करनी थी' का प्रयोग उचित है।

46. (b) यहाँ 'विश्व बिरादरी का एक' के स्थान पर 'विश्व बिरादरी की एक' का प्रयोग उचित है।

47. (b) यहाँ 'के प्रति माता-पिता ने उदासीनता' के स्थान पर 'के प्रति माता-पिता की उदासीनता' का प्रयोग उचित है।

48. (c) यहाँ 'तो हुआ ही, बच्चों के मन से' के स्थान पर 'तो हुआ ही, बच्चों के मन में' का प्रयोग उचित है।

49. (d) यहाँ 'न घुस ही देनी है न तो लेनी है' के स्थान पर 'न घूस देनी है न लेनी है' का प्रयोग उचित है।

50. (a) यहाँ 'यह तय है कि साधारणतम नागरिक' के स्थान पर 'यह तय है कि साधारण नागरिक' का प्रयोग उचित है।

DISHA TM Publication Inc